Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding early approval for opening of Kendriya Vidyalaya in Amreli Parliamentary Constituency.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । आज मैं अपने क्षेत्र गुजरात, अमरेली के केन्द्रीय विद्यालय का एक इश्यू उठा रहा हूं । हमारे डि**स्ट्रि**क्ट कलेक्टर ने 6 महीने पहले पूरी डिटेल्स गुजरात केन्द्रीय विद्यालय बोर्ड को भेज दी हैं, जिसे गुजरात केन्द्रीय विद्यालय बोर्ड ने दिल्ली केन्द्रीय विद्यालय बोर्ड को भेज दिया है । मेरे क्षेत्र, अमरेली में लैंड भी एक्वायर हो गई है, 20 कमरे का मकान भी कलेक्टर ने एलॉट कर दिया है और सब तैया**रि**यां हो चुकी हैं । आपके माध्यम से मैं माननीय एचआरडी मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि जितना हो सके, जल्द से जल्द हमारे क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय को मंजूरी मिल जाए, ताकि वहां के गरीब बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने का लाभ मिल सके । मैं पिछले पांच सालों से इस विषय को उठा रहा हूं । मैं चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी इसकी मंजूरी दी जाए ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री नारणभाई काछड़िया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।